दिन–मंगलवार दिनांक– 26 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अब वैश्विक स्तर पर **मेक फॉर द वर्ल्ड** के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। श्री मोदी ने अहमदाबाद के हंसलपुर में सुजुकी कंपनी द्वारा निर्मित बैट्री इलेक्ट्रिक वाहन ई–विटारा को झंडी दिखाते हुए कहा कि अब दुनिया के दर्जनों देशों में मेक इन इंडिया लिखे इलेक्ट्रिक वाहन चलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में बने ईलेक्ट्रिक वाहन सौ से अधिक देशों में निर्यात किये जायेंगे। श्री मोदी ने बताया कि देश में हाईब्रिड बैट्री इलेक्ट्रोड बनाने की भी शुरूआत कर दी गयी है। इससे भारत को अब बाहर से बैट्री के आयात की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से आग्रह किया है कि वे रिफॉर्म की स्पर्धा करें और विकास के कार्यक्रमों में भाग लेकर अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

---

राज्य सरकार ने नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नए उद्यम स्थापित करने वाले उद्योगपतियों और निवेशकों को भूमि संबंधी रियायत, ऋण में छूट और अन्य सहायता प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके तहत उद्यमियों को चालीस करोड़ रुपये तक की ब्याज सब्सिडी और उद्योग स्थापित करने के लिए तीस प्रतिशत तक की पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। श्री सिद्धार्थन ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत कैबिनेट ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना शुरू करने को भी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस बड़े निर्णय पर अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस पैकेज से राज्य में उद्योगों को तेज़ी से विकास करने में सहायता मिलेगी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार दस्तावेजों की दैनिक संग्रह दर एक दशमलव छह–चार प्रतिशत है। दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि एसआईआर के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा के तीसरे चरण में आज सुपौल पहुंचे। श्री गांधी ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के नाम पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। यात्रा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित महागठबंधन के कई नेता भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन के नेता वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर वोट जुगाड़ यात्रा कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यात्रा में प्रियंका गांधी सहित कोई भी नेता शामिल हो, बिहार की जनता को गुमराह नहीं कर पायेंगी।

———————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी के वजीरगंज में सबसे अधिक छिहत्त दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सीवान, सारण, बक्सर, रोहतास, पटना, जहानाबाद, अरवल, गया और नवादा समेत राज्य के तेरह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य स्थानों पर वज्रपात और तेज हवा के साथ मध्यम बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने आईआईटी पटना के बारहवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को मेडल और उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।